Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding establishment of Khelo India Centre in Kalyan Parliamentary Constitutency.

डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे (कल्याण): माननीय अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे शून्य काल में अपनी बात रखने का मौका दिया, उसके लिए आपका धन्यवाद ।

महोदय, भारत सरकार ने महाराष्ट्र में 44 'खेलो इंडिया 'केंद्रों की स्वीकृति दी है । मेरा लोक सभा क्षेत्र एक सब-अर्बन इलाका है और वर्तमान में हमने अम्बरनाथ में एक शूटिंग रेंज अम्बरनाथ नगर पालिका के माध्यम से बनाई है । इसमें प्रशिक्षण ले कर 15 लोग नेशनल्स के लिए क्वालिफाई कर गए । एमएमआर रीजन में मेरा जो लोक सभा क्षेत्र पड़ता है, मुंबई, एमएमआर में दिन-ब-दिन आबादी बढ़ती जा रही है । मेरे लोक सभा क्षेत्र का लोकेशन एडवांटेज और अवेलेबल इंफ्रास्ट्रक्चर को देखते हुए, अगर यहां पर खेलो इंडिया सेंटर फॉर एक्सीलेंस, जिसमें मल्टीडिस्प्लेनरी स्पोर्ट कॉम्पलेक्स बनाया जाए, तो वहां पर और उसी के साथ मुंबई और महाराष्ट्र से जो खिलाड़ी आते हैं, उनको एक अच्छा प्लेटफॉर्म मिल सकेगा । भविष्य में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिता जैसे ओलंपिक्स, कॉमनवेल्थ और एशियन गेम्स में देश के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन वे कर सकेंगे । तो मेरे चुनाव क्षेत्र में एक खेलों इंडिया केंद्र की स्थापना हो, यह मैं मांग करता हूँ ।